हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
(तिथि 18 सितंबर 2026, समय 18:10 (10 मिनट)

मुख्य समाचार :-

1. केन्द्रीय सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन ने रचनात्मक अर्थव्यवस्था के विकास को उचित कानूनी और नीतिगत ढांचे द्वारा समर्थित किए जाने पर जोर दिया।
2. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के ज़रिए 20वें रोजगार मेले में नए भर्ती हुए 51 हज़ार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे।

3. भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने सेवा संकल्प अभियान के तहत सोनीपत के नागरिक अस्पताल में निशुल्क जांच शिविर का शुभारंभ किया - पात्र नागरिकों से आयुष्मान और चिरायु कार्ड बनवाने की अपील की।

4. चंडीगढ़ में आधिकारिक तौर पर 'भारत टैक्सी' का शुभारंभ किया गया।

5. मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी कल करनाल के महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय में प्रथम उद्यान मेले का उद्घाटन करेंगे।

*********************************************************************

केन्द्रीय सूचना और प्रसारण एवं संसदीय मामलों के राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन ने रचनात्मक अर्थव्यवस्था के विकास को उचित कानूनी और नीतिगत ढांचे द्वारा समर्थित किए जाने पर जोर दिया है। वह आज सोनीपत की ओपी जिंदल यूनिवर्सिटी में "कानून, नीति और रचनात्मक अर्थव्यवस्था" विषय पर आयोजित सम्मेलन का उद्घाटन करने के बाद युवाओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नीतिगत ढांचे में कॉपीराइट संरक्षण, रचनाकारों के लिए उचित मुआवजा और कृत्रिम बुद्धिमत्ता का जिम्मेदार उपयोग जरूरी है।

डॉ. मुरुगन ने कहा कि फिल्म, संगीत, गेमिंग, एनीमेशन, डिजाइन, प्रकाशन, विज्ञापन और डिजिटल सामग्री सहित कई क्षेत्र रोजगार और उद्यमिता के लिए नए अवसर पैदा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अकेले एनिमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग और कॉमिक्स -एवीजीसी क्षेत्र को 2030 तक लगभग 20 लाख कुशल पेशेवरों की आवश्यकता होने की उम्मीद है।सरकार ने युवाओं को उभरते अवसरों के लिए तैयार करने के लिए 15,000 स्कूलों और 500 कॉलेजों में क्रिएटिव प्रौद्योगिकी संस्थान और एवीजीसी क्रिएटर लैब्स को भारत में स्थापित करने के लिए समर्थन की घोषणा की है। डॉ. मुरुगन ने कहा कि रचनात्मक अर्थव्यवस्था वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद में 3.1 प्रतिशत और वैश्विक रोजगार में 6.2 प्रतिशत का योगदान देती है। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे धारणाओं और संस्थानों पर सम्मान, तर्क और साक्ष्य के साथ सवाल उठाएं और 2047 तक विकसित भारत के निर्माण की दिशा में अपने विचारों और कौशल का योगदान करें।

*********************************************************************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के ज़रिए 20वें रोजगार मेले में अलग-अलग सरकारी विभागों और संगठनों में नए भर्ती हुए युवाओं को 51 हज़ार से ज़्यादा नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। इस मौके पर श्री मोदी कार्यक्रम में मौजूद लोगों को संबोधित भी करेंगे।

यह रोजगार मेला देश भर में 45 जगहों पर आयोजित किया जाएगा। भर्ती हुए उम्मीदवार केंद्र सरकार के अलग-अलग मंत्रालयों और विभागों में नियुक्त होंगे। 20वें रोजगार मेले के साथ, अब तक अलग-अलग विभागों और सरकारी संगठनों में नियुक्ति पाने वाले युवाओं की कुल संख्या लगभग 12 लाख 75 हजार हो जाएगी।

*********************************************************************

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने सेवा संकल्प अभियान के तहत आज सोनीपत के नागरिक अस्पताल में जिला स्तरीय निशुल्क जांच शिविर का शुभारंभ किया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गत 12 वर्षों में स्वास्थ्य सेवाओं को केवल अस्पतालों तक सीमित रखने के बजाय गरीब और जरूरतमंद परिवारों तक पहुंचाने का काम किया गया है। हरियाणा में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में इसी भावना को आगे बढ़ाते हुए 'सेवा संकल्प अभियान' के माध्यम से पात्र लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं और जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ा जा रहा है.

डॉ गुप्ता ने महिलाओं में बढ़ते स्तन कैंसर के मामलों पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्हें स्वास्थ्य को लेकर सतर्क रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि स्तन कैंसर की जांच के लिए नागरिक अस्पताल में मैमोग्राफी की सुविधा शुरू की जा रही है। उन्होंने 'टीबी मुक्त हरियाणा' के संकल्प का उल्लेख भी किया और लक्षण दिखाई देने पर तुरंत सरकारी अस्पताल में जांच करवाने के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा की समय पर पहचान और नियमित उपचार से टीबी का इलाज संभव है।

मीडिया से बातचीत में डॉ. अर्चना गुप्ता ने कहा –

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने पात्र नागरिकों से आयुष्मान कार्ड, आभा आईडी और चिरायु कार्ड बनवाने की अपील भी की।

***********************************************************************

पंजाब के राज्यपाल और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने आज चंडीगढ़ में आधिकारिक तौर पर 'भारत टैक्सी' का शुभारंभ किया। यह चालकों की अपनी सहकारी वाहन सेवा है।

इस मौके पर केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल और कृष्ण पाल गुर्जर भी मौजूद रहे। 'भारत टैक्सी' को 'सहकारी टैक्सी को-ऑपरेटिव लिमिटेड' -STCL चलाती है। यह प्लेटफ़ॉर्म ज़ीरो-कमीशन पर काम करता है, जिससे 'सारथी' कहलाने वाले चालक सदस्यों को फ़ायदा होता है।

***********************************************************************

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी कल करनाल के महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय में उद्यान मेला एवं हॉर्टी एक्सपो का उद्घाटन करेंगे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो सुरेश मल्होत्रा ने बताया कि हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। उन्होंने बताया कि मेले में किसान समूह, महिला किसान और उद्यमी स्टॉल लगाकर बागवानी उत्पाद प्रदर्शित करेंगे। मेले का आकर्षण हाईटेक बागवानी से संरक्षित खेती, फल, सब्जियों की प्रदर्शनी, उन्नत किस्म के फलदार पौधों की कलमें, प्रसंस्करण व मूल्य संवर्धन पैकेजिंग होंगे ।किसान सीधे वैज्ञानिकों के साथ संवाद भी कर सकेंगे।

***********************************************************************

हरियाणा सरकार द्वारा शुरू किए गए 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत आज पलवल बस अड्डे में हरियाणा राज्य परिवहन के महाप्रबंधक जितेंद्र सिंह यादव ने पात्र लाभार्थियों को 'हैप्पी कार्ड' वितरित किए। श्री जितेंद्र सिंह यादव ने बताया कि हैप्पी योजना के तहत पात्र परिवार के प्रत्येक सदस्य को एक वर्ष में 1000 किलोमीटर तक हरियाणा रोडवेज की साधारण बसों में मुफ्त यात्रा की सुविधा प्रदान की जाती है।

***********************************************************************

हरियाणा उद्यान विभाग के पानीपत में सेवाखेड़ी स्थित प्रौद्योगिकी प्रदर्शन केंद्र में वर्ष 2026-27 के लिए विभिन्न किस्मों के गुणवत्तापूर्ण आलू बीज की बिक्री शुरू हो गई है। किसान विभाग के Hortsalenet पोर्टल पर ऑनलाइन बुकिंग एवं भुगतान करके इस केंद्र से सीधे आलू बीज प्राप्त कर सकते हैं। केंद्र पर कुफरी पुखराज, कुफरी मोह, कुफरी नीलकं, कुफरी ख्याति तथा कुफरी उदय जैसी आलू की उन्नत किस्में बिक्री के लिए उपलब्ध करवाई गई हैं।

***************************************************************************

कैथल की उपायुक्त अपराजिता ने आज विशेष दत्तक ग्रहण अभिकरण बाल उपवन आश्रम का औचक निरीक्षण किया और आश्रम में स्वच्छता, भोजन, बच्चों के लिए उपलब्ध चिकित्सा, सुरक्षा और देखभाल संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

उन्होंने आश्रम में रह रहे बच्चों से भी संवाद किय। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आश्रम में रह रहे बच्चों की सुरक्षा, स्वास्थ्य, शिक्षा और सर्वांगीण विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने आश्रम में साफ-सफाई की व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने की हिदायत की।

***************************************************************************

हरियाणा के लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने आज हिसार के सातरोड में नगर निगम द्वारा आयोजित सेवा संकल्प अभियान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम के दौरान कैबिनेट मंत्री ने उपस्थित नागरिकों से आत्मीय संवाद किया और परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

जनसभा को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह सेवा, जनभागीदारी और समाज के प्रत्येक वर्ग के कल्याण के संकल्प को मजबूत करने का एक सशक्त माध्यम है।

कार्यक्रम के दौरान कैबिनेट मंत्री ने आमजन की शिकायतें सुनीं। उन्होंने मौके पर मौजूद संबंधित अधिकारियों को समस्याओं का समयबद्ध व त्वरित निवारण सुनिश्चित करने के सख्त दिशा-निर्देश दिए।

***************************************************************************